MarylandABLE
Office of the Maryland State Treasurer



# अपने बच्चे के लिए बचत करना शुरू करें वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताएं

चाहे आपका बच्चा शिशु हो, स्कूल में हो, या वयस्क सेवा की ओर परिवर्तन कर रहा हो, उनके लिए अधिक सुरक्षित भविष्य बनाने में मदद करने के लिए अभी से मेरीलैंड ABLE खाते के साथ बचत करना शुरू करें। मेरीलैंड ABLE खाता, विकलांग व्यक्तियों और उनके परिवारों के लिए एक कम लागत वाला, कर-लाभकारी तरीका है, जिसके माध्यम से वे अपने बच्चे के स्वास्थ्य, स्वतंत्रता या जीवन की गुणवत्ता से संबंधित खर्चों का भुगतान करने के लिए धन की बचत और निवेश कर सकते हैं।

## समझदारी से बचत करें और अपने बच्चे के वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा करें

चाहे आपका बच्चा पहले से ही लाभ प्राप्त कर रहा है या आगे भविष्य में  प्राप्त करेगा, आप $2,000 की SSI एसेट सीमा से अधिक बचत कर सकते हैं। ABLE खाता आपके SSI नकद लाभ को प्रभावित किए बिना आपको $100,000 तक की बचत करने की सुविधा देता है। इस खाते में जमा धनराशि का अन्य राज्य और संघीय लाभों, जैसे मेडिकेड स्वास्थ्य बीमा और छूट, HUD, SNAP, और अन्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## वर्तमान और भविष्य में, नियंत्रण आपका हो

मैरीलैंड ABLE खाते का उपयोग अभी या बाद में, योग्य विकलांगता व्यय (QDEs) माने जाने वाले विभिन्न प्रकार के खर्चों के भुगतान के लिए करें, जैसे चिकित्सा व्यय, थेरेपी, शिक्षा, नौकरी के लिए कोचिंग, व्यक्तिगत सहायता, सहायक प्रौद्योगिकी, आदि।

## आपके बच्चे का मैरीलैंड ABLE खाता आय कर मुक्त है

मैरीलैंड ABLE योजना चार निवेश विकल्प प्रदान करती है, इसके अलावा एक खाता जो 250,000 डॉलर तक FDIC द्वारा बीमाकृत है। प्रीपेड वीज़ा कार्ड एक ऐसी सुविधा है जो आपके बच्चे की उम्र बढ़ने पर वित्तीय साक्षरता और सशक्तिकरण में सहायता के लिए अनुरोध पर उपलब्ध है। योग्य विकलांगता व्यय के लिए उपयोग की जाने वाली आय कर-मुक्त होती है।

## इसमें योगदान आपके मैरीलैंड राज्य करयोग्य आय से घटाए जा सकते हैं

कोई भी आपके बच्चे के मैरीलैंड ABLE खाते में योगदान कर सकता है। प्रत्येक मैरीलैंड करदाता जो मैरीलैंड ABLE खाते में योगदान देता है, वह अपने मैरीलैंड राज्य कर रिटर्न पर प्रति लाभार्थी, प्रति वर्ष, अपने सकल आय से 2,500 डॉलर तक का योगदान घटाने के लिए पात्र है।

## 529 कॉलेज बचत खाते को आगे ट्रान्सफर करें

यदि आपके पास अपने बच्चे के लिए 529 कॉलेज बचत खाता है और सोचते हैं कि वे भविष्य में ट्यूशन या अन्य योग्य शिक्षा व्यय के लिए इसका उपयोग नहीं कर पाएंगे, तो उस खाते से पैसे को मैरीलैंड ABLE खाते में ट्रान्सफर करना आसान है। आप बिना किसी अतिरिक्त शुल्क या दंड के रोलओवर पूरा करने में सक्षम हो सकते हैं। आपको अपनी विशेष परिस्थितियों के आधार पर उचित सलाह प्राप्त करने के लिए किसी योग्य कर पेशेवर से कर सलाह लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## स्पेशल नीड्स ट्रस्ट और मैरीलैंड ABLE एक साथ काम कर सकते हैं

आपके बच्चे के पास स्पेशल नीड्स ट्रस्ट के बिना भी मैरीलैंड ABLE खाता हो सकता है। यदि आपके पास कोई स्पेशल नीड्स ट्रस्ट है, तो यह मैरीलैंड ABLE खाते के साथ मिलकर काम कर सकता है

**MarylandABLE.org** पर जाकर मैरीलैंड ABLE खाता खोलें

**ग्राहक सहायता**
**(855) 563–2253**
सोमवार – शुक्रवार • सुबह 9 बजे – शाम 8 बजे ET



MarylandABLE
Office of the Maryland State Treasurer

# अपने बच्चे के लिए बेहतर जीवन अनुभव प्राप्त करें

*मैरीलैंड ABLE खाता खोलें।*

"ABLE खाते में बचत करना आसान है। मैं अपने परिवार और दोस्तों को अपने ABLE गिफ्ट पेज का लिंक भेजता हूँ, और वे मुझे मेरे समर कैंप लिए पैसे बचाने में मदद करते हैं।"

**—लिली, छात्रा**

"ABLE खाते ने हमें वर्षों से अपनी बेटी के चिकित्सा व्यय का भुगतान करने में मदद की है और हमें उसके भविष्य के लिए तैयारी करने का अवसर दिया है।"

**—जिम, अभिभावक**

## अपने बच्चे के वित्तीय भविष्य के लिए आज से ही मात्र $25 से बचत शुरू करें।

MarylandABLE.org
**पर जाएं या**

**पर कॉल करेंअथवा फोन करें**
(855) 563–2253
सोमवार से शुक्रवार
सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक ET

*मैरीलैंड ABLE कार्यक्रम में नामांकन आपके और आपके परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है। कृपया नामांकन का निर्णय लेने से पहले संपूर्ण कार्यक्रम प्रकटीकरण और भागीदारी अनुबंध को ध्यानपूर्वक पढ़ें। मैरीलैंड ABLE कार्यक्रम प्रकटीकरण निवेश के उद्देश्य, जोखिम, व्यय और लागत, शुल्क और अन्य जानकारी प्रदान करता है, जिस पर आपको निवेश करने से पहले सावधानी से विचार करना चाहिए। यदि लाभार्थी मैरीलैंड के बाहर रहता है, तो आपको मैरीलैंड ABLE कार्यक्रम में निवेश करने का निर्णय लेने से पहले लाभार्थी के गृह राज्य द्वारा प्रस्तावित किसी भी ABLE कार्यक्रम पर विचार करना चाहिए। ध्यान रखें कि निवेश संबंधी निर्णय लेते समय राज्य आधारित लाभ को कई उचित रूप से भारित कारकों में से एक माना जाना चाहिए। मैरीलैंड ABLE खातों की गारंटी मैरीलैंड राज्य, किसी राज्य एजेंसी या उसके उपविभाग, या उनके अधिकृत एजेंटों या सहयोगियों द्वारा नहीं दी जाती है। मैरीलैंड ABLE खाते में निवेश करके आप पैसा खो भी सकते हैं। निवेश करने से पहले निवेश के उद्देश्यों, जोखिमों, शुल्कों और खर्चों पर विचार करें।*